भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 2537
गुरूवार, 24 मार्च, 2022/3 चैत्र, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

महाराष्ट्र में पर्यटन अवसंरचना का विकास

2537. डा. फौजिया खानः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) महाराष्ट्र राज्य में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रदान की गई सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ख) महाराष्ट्र में प्रारंभ की गई परियोजनाओं की स्थिति क्या है और विगत पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक परियोजना के लिए कितनी-कितनी धनराशि जारी की गई है;

(ग) क्या सरकार का महाराष्ट्र में आध्यात्मिक पर्यटन परिपथ बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने पर विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और परभणी जिले के पाथरी सहित राज्य में पूजा स्थलों का ब्यौरा क्या है, जिन्हें इसके अंतर्गत शामिल किए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ) : पर्यटन मंत्रालय ने महाराष्ट्र राज्य को 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के अंतर्गत पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है ।

पर्यटन मंत्रालय ने महाराष्ट्र में आध्यात्मिक परिपथ थीम और त्रियम्बकेश्वर में क्रमश: स्वदेश दर्शन तथा प्रशाद योजनाओं के तहत परियोजनाओं को स्वीकृति दी है । इन परियोजनाओं के साथ-साथ महाराष्ट्र राज्य में 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन' और पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत अन्य परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है । तथापि यह उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र के परभणी जिले के पाथरी में किसी परियोजना को स्वीकृति नहीं दी गई है ।

*****

अनुबंध

महाराष्ट्र में पर्यटन अवसंरचना का विकास के संबंध में दिनांक 24.03.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2537 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना **(करोड़ रु. में)**

क्र. सं.	**राज्य**	**परिपथ**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
वर्ष **2015-16**					
1.	महाराष्ट्र	तटवर्ती परिपथ	सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ (शिरोडा बीच, सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), देवगढ़ (किला और समुद्र तट), मितभाव, टोंडावली, मोसेहमद और निवाटी किला का विकास ।	19.06	18.11
वर्ष **2018-19**					
2.	महाराष्ट्र	आध्यात्मिक परिपथ	वाकी - अडासा- धापेवाड़ा- परादसिंह- छोटा ताजबाग- तेलनखंडी- गिराड़ का विकास	54.01	24.00

प्रशाद योजना **(करोड़ रु. में)**

क्र. सं.	**राज्य**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित लागत**	**निर्मुक्त राशि**
1.	महाराष्ट्र	त्रियम्बकेश्वर का विकास	2017-18	37.81	19.28

पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य**	**परियोजना का नाम**	**केंद्रीय एजेंसी**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
वर्ष 2016-17					
1.	महाराष्ट्र	पर्यटन स्थल के रूप में कान्होजी आंग्रे लाइटहाउस को विकसित करने के लिए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट को केंद्रीय वित्तीय सहायता	**मुंबई पोर्ट ट्रस्ट**	15.00	15.00
2.	महाराष्ट्र	नांदेड़ रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	5.18	2.59
वर्ष 2017-18					
3.	महाराष्ट्र	इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण।	**मुंबई पोर्ट ट्रस्ट**	12.50	12.50
4.	महाराष्ट्र	औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का संयुक्त	रेल मंत्रालय	5.71	2.85

		विकास			
वर्ष 2021-22					
5.	महाराष्ट्र	इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण।	**मुंबई पोर्ट ट्रस्ट**	37.50	18.75

******